| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 9.12.22 | 4 | 1-6 |

# 800 मीटर दौड़ में दीवांशु, ऊंची कूद में नीकेश प्रथम

## एचएयू : दो दिवसीय एथलीट मीट में 400 खिलाड़ी ले रहे हिस्सा, वीसी प्रो. कांबोज बोले-व्यक्तित्व विकास में अहम भूमिका अदा करता है खेल



एचएयू के गिरी सेंटर में आयोजित एथलीट मीट में बोरी दौड़ में भाग लेतीं छात्राएं। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में वीरवार को दो दिवसीय 50वीं एथलीट मीट प्रतियोगिता का आगाज हुआ। प्रतियोगिता में विवि के संबद्ध कॉलेजों के करीब 400 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। 800 मीटर दौड़ में दीवांशु, 100 मीटर में मंजीत व डिस्कस थ्रो में आकाश, ऊंची कूद में नीकेश विजेता बना।

शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा और भाईचारा, सहनशीलता व अनुशासन का विकास होगा।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेने की अपील की। इससे पूर्व कुलपति ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरंभ करने की घोषणा की और खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी ली। विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने मशाल प्रज्वलित की। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया व धन्यवाद सह छात्र कल्याण निदेशक डॉ. बलजीत गिरधर ने किया।




एचएयू में आयोजित एथलीट मीट के विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते सेवानिवृत डीएसओ गंगादत्त यादव, प्रो. ज्योति सिहाग और प्रो. इंदु चौधरी। संवाद



एथलीट मीट में जंप लगाता खिलाड़ी। संवाद

### पहले दिन के विजेता

**800 मीटर दौड़**

- प्रथम : दीवांशु, एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग कॉलेज
- द्वितीय : विनय, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर हिसार
- तृतीय : विकास, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर बावल

**110 मीटर बाधा दौड़**

- प्रथम : मंजीत, बेसिक सांइस कॉलेज
- द्वितीय : हरिओम, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर
- तृतीय : प्रदीप, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर

**ऊंची कूद**

- प्रथम : नीकेश, एग्रीकल्चर कॉलेज कौल
- द्वितीय : अजय, कॉलेज ऑफ फिशरीज सांइस
- तृतीय : प्रदीप, एग्रीकल्चर कॉलेज कौल

**डिस्कस थ्रो**

- प्रथम : आकाश सरोहा, एग्रीकल्चर कॉलेज हिसार
- द्वितीय : मनोज यादव, कॉलेज ऑफ फिशरीज सांइस
- तृतीय : सूरज सिहाग, कॉलेज ऑफ फिशरीज

**स्किपिंग रोप**

- प्रथम : ज्योति, होम सांइस कॉलेज
- द्वितीय : अविशि, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर

तृतीय : कीर्तिका, एग्रीकल्चर कॉलेज कौल

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 9-12-22 | 4 | 1-6 |

# व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है :

## हकृवि में 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आरम्भ

हिसार, 8 दिसम्बर (राठी): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 50 वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आरम्भ हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के करीब 400 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि थे।

प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही के विकास में अहम भूमिका निभाता है।

इससे उन्हे बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा और भाईचारा, सहनशीलता तथा अनुशासन का विकास होगा। खेल जहां हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण में सहायक है, वहीं दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास में लाभकारी है, खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को हष्ट-पुष्ट, गतिशील एवं स्फूर्ति प्रदान करने में सहायक होते हैं।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेने की अपील की। इससे पूर्व कुलपति ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरम्भ करने की घोषणा की और खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी ली। विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने मशाल प्रज्वलित की।





*कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मार्च की सलामी लेते हुए व दौड़ में हिस्सा लेते हुए प्रतिभागी।*

मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया व धन्यवाद सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर ने किया।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे:

800 मीटर दौड़ (पुरुष): एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के दीवांशु, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर के विनय, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के विकास क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

110 मीटर बाधा दौड़ (पुरुष): बेसिक सांइस कालेज के मंजीत प्रथम जबकि कालेज ऑफ एग्रीकल्चर के हरिओम व प्रदीप क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

ऊंची कूद (पुरुष) : एग्रीकल्चर कालेज, कौल के नीकेश प्रथम, कालेज ऑफ फिशरीज सांइस के अजय द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कालेज, कौल के प्रदीप तृतीय रहे।

रोप स्किपिंग (महिला) : होम सांइस कालेज की ज्योति प्रथम, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर की अविशि, द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कालेज, कौल की क्रीतिका तृतीय स्थान पर रहीं।

डिसकस थ्रो (पुरुष): एग्रीकल्चर कालेज, हिसार के आकाश सरोहा, प्रथम कालेज ऑफ फिशरीज सांइस के मनोज यादव व सूरज सिहाग द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 9.12.22 | 4 | 3-6 |


# 800 मीटर दौड़ में दीवांशु व रोप स्किपिंग में ज्योति विनर

## एचएयू में दो दिवसीय 50वीं एथलीट मीट शुरू, प्रतियोगिता में विभिन्न कॉलेजों के 400 से अधिक छात्र ले रहे भाग

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गुरुवार से 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आरम्भ हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में एचएयू के कोल और बावल समेत 8 कॉलेजों के करीब 400 छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ पर कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि थे।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा और भाईचारा, सहनशीलता तथा अनुशासन का विकास होगा। खेल जहां हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण में सहायक है, वहीं दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास में लाभकारी है, खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को हृष्ट-पुष्ट, गतिशील एवं स्फूर्ति प्रदान करने में सहायक होते हैं।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेने की अपील की। इससे पूर्व वीसी ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरम्भ करने की घोषणा की और खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी ली। विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने मशाल प्रज्वलित की। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया व धन्यवाद सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर ने किया।



### प्रतियोगिताओं के परिणाम...

- **800 मीटर दौड़ (पुरुष):** एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के दीवांशु, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर, हिसार के विनय, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के विकास क्रमश : प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प र रहे।
- **110 मीटर बाधा दौड़ (पुरुष) :** बेसिक साइंस कॉलेज के मंजीत प्रथम जबकि कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के हरिओम व प्रदीप क्रमश : द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।
- **ऊंची कूद (पुरुष) :** एग्रीकल्चर कॉलेज, कौल के नीकेश प्रथम, कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस के अजय द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कॉलेज, कौल के प्रदीप तृतीय रहे।
- **रोप स्किपिंग (महिला) :** होम साइंस कॉलेज की ज्योति प्रथम, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर की अविशि, द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कॉलेज, कौल की क्रीतिका तृतीय स्थान पर रहीं।
- **डिसकस थ्रो (पुरुष) :** एग्रीकल्चर कॉलेज, हिसार के आकाश सरोहा, प्रथम कॉलेज ऑफ फिशरीज साइंस के मनोज यादव व सूरज सिहाग द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| हरि. भूमि | 9-12-22 | 9 | 1-5 |


### विभिन्न कॉलेजों के 400 विद्यार्थी ले रहे हैं प्रतियोगिता में भाग

# हकृवि में 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आरम्भ हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के करीब 400 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि थे। प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इससे उन्हे बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा और भाईचारा, सहनशीलता तथा अनुशासन का विकास होगा। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेने की अपील की। इससे पूर्व कुलपति ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरंभ करने की घोषणा की और खिलाड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी ली। विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने मशाल प्रज्वलित की। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया व धन्यवाद सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर ने किया।



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मार्च की सलामी लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पहले दिन खेल प्रतियोगिताओं के परिणाम

400 मीटर दौड़ (पुरुष): एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के हिमांशु, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर, हिसार के विजय, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के विकास क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

### 110 मीटर बाधा दौड़ (पुरुष)

बेसिक साइंस कालेज के मंजीत प्रथम जबकि कालेज ऑफ एग्रीकल्चर के हरिओम व प्रदीप क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

### ऊंची कूद (पुरुष)

एग्रीकल्चर कालेज, कौल के नीकेश प्रथम, कालेज ऑफ फिशरीज साइंस के अजय द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कालेज, कौल के प्रदीप तृतीय रहे।

### रोप स्किपिंग (महिला)

होम साइंस कालेज की ज्योति प्रथम, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर की अविशि, द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कालेज, कौल की कौशिक तृतीय स्थान पर रहीं।

### डिसकस थ्रो (पुरुष)

एग्रीकल्चर कालेज, हिसार के आकाश करोहा, प्रथम कालेज ऑफ फिशरीज साइंस के मनोज यादव व सूरज सिहाग द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 9.12.22 | 9 | 7-8 |

## हकृवि में एथलेटिक मीट प्रतियोगिता शुरू

हिसार, 8 दिसंबर (निस)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आरम्भ हुई। दो दिवसीय प्रतियोगिता मे हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों के करीब 400 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं।कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास मे खेल अहम भूमिका अदा करता है। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेने की अपील की। इससे पूर्व कुलपति ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरम्भ करने की घोषणा की और खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी ली।

**इस प्रकार रहे परिणाम**

800 मीटर दौड़ (पुरुष) में दीवांशु, विनय, विकास क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 110 मीटर बाधा दौड़ (पुरुष) में मंजीत प्रथम जबकि हरिओम व प्रदीप क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद (पुरुष) में नीकेश प्रथम, अजय द्वितीय तथा प्रदीप तृतीय रहे। रोप स्किपिंग (महिला) में ज्योति प्रथम, अविशि द्वितीय तथा क्रीतिका तृतीय स्थान पर रहीं। डिसकस थ्रो (पुरुष) में आकाश सरोहा प्रथम, मनोज यादव व सुरज सिहाग द्वितीय व तृतीय रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 9.12.22 | 5 | 5-8 |


# व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है : काम्बोज

हिसार, 8 दिसंबर (विरेंद्र वर्मा) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आरंभ हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के करीब 400 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि थे। प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा और भाईचारा, सहनशीलता तथा अनुशासन का विकास होगा। खेल जहां हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण में सहायक है, वहीं दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास में लाभकारी है, खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को हृष्ट-पुष्ट, गतिशील एवं स्फूर्ति प्रदान करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय ने अनेक उम्दा दर्जे के खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय में बेहतर कोच और खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को उम्दा खेल सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के लिए कुलपति का आभार जताया। इससे पूर्व कुलपति ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरंभ करने की घोषणा की और खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी ली। विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने मशाल प्रज्वलित की। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया व धन्यवाद सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के अधिष्ठाता, अधिकारी, कर्मचारी तथा भारी संख्या में विद्यार्थी व खेलप्रेमी उपस्थित थे।



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए।

आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे : 800 **मीटर दौड़ (पुरुष):** एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के दीवांशु, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर, हिसार के विनय, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के विकास क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

**110 मीटर बाधा दौड़ (पुरुष):** बेसिक साइंस कालेज के मंजीत प्रथम जबकि कालेज ऑफ एग्रीकल्चर के हरिओम व प्रदीप क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

**ऊंची कूद (पुरुष) :** एग्रीकल्चर कालेज, कौल के नीकेश प्रथम, कालेज ऑफ फिशरीज साइंस के अजय द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कालेज, कौल के प्रदीप तृतीय रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूँ | 9-12-22 | 5 | 6-8 |

# व्यक्तित्व विकास में खेल अहम् भूमिका अदा करता है : प्रो. कम्बोज

■ हकृवि में 50वीं एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता आरम्भ

सच कहूँ/सरदाना



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 50वीं एथलेटिक्स मीट प्रतियोगिता आरम्भ हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के करीब 400 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि थे। प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा और भाईचारा, सहनशीलता तथा अनुशासन का विकास होगा। खेल जहां हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण में सहायक है, वहीं दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास में लाभकारी है, खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को हष्ट-पुष्ट, गतिशील एवं स्फूर्ति प्रदान करने में सहायक होते हैं। इससे पूर्व कुलपति ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरम्भ करने की घोषणा की और खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी ली। विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने मशाल प्रज्वलित की। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया व धन्यवाद सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के अधिष्ठाता, अधिकारी, कर्मचारी तथा भारी संख्या में विद्यार्थी व खेलप्रेमी उपस्थित थे।

**चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय**

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 9-12-22 | 4 | 6-8 |

# ड्रोन आठ मिनट में दो एकड़ खेत में छिड़काव करने में सक्षम, टंकी की क्षमता 20 लीटर



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय व नाबार्ड द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में ड्रोन को देखते हुए। • विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता, हिसार : नाबार्ड की ओर से सीसीएसएचएयू के सहयोग से एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत में अग्रणी ड्रोन निर्माता इंडोविंग्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा ड्रोन के क्षेत्र प्रदर्शन के साथ हुई। फील्ड प्रदर्शन के दौरान कंपनी ने दिखाया कि कैसे ड्रोन फील्ड मैपिंग करता है और इसके बाद खेत में छिड़काव कैसे करता है। ड्रोन आठ मिनट में दो एकड़ खेत में छिड़काव करने में सक्षम है और इसकी टंकी की क्षमता 20 लीटर है। इस प्रदर्शन में डा. जीत राम शर्मा, अनुसंधान निदेशक (सीसीएसएचएयू), डा. बलदेव डोगरा, डीन (कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय), डा. सुरेंद्र कुमार पाहुजा, डीन (कृषि महाविद्यालय), डा. विजया रानी, एचओडी (फार्म मशीनरी एंड पावर इंजीनियरिंग विभाग), डा. संजय ठकराल, एचओडी (कृषि विज्ञान विभाग), रॉबिन सिंह (क्लस्टर प्रभारी, हिसार क्लस्टर कार्यालय, नाबार्ड), स्वरदीप सिंह (क्लस्टर अधिकारी, हिसार क्लस्टर कार्यालय, नाबार्ड) और पारस जैन, सीईओ (इंडोविंग्स प्राइवेट लिमिटेड) शामिल हुए। कार्यक्रम में अन्य प्रतिभागियों में उप निदेशक कृषि (हिसार), जिला बागवानी अधिकारी (हिसार), एसएचजीबी के क्षेत्रीय प्रबंधक, विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों के सीईओ और निदेशक तथा प्रगतिशील किसान शामिल हुए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 08.12.2022 | ----- | ----- |

# हकृवि में 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आरम्भ

**समस्त हरियाणा न्यूज**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आरम्भ हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के करीब 400 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि थे।

प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा और भाईचारा, सहनशीलता तथा अनुशासन का विकास होगा। खेल जहां हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण में सहायक है, वहीं दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास में लाभकारी है, खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को हष्ट-पुष्ट, गतिशील एवं स्फूर्ति प्रदान करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय ने अनेक उम्दा दर्जे के खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय में बेहतर कोच और खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को उम्दा खेल सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के लिए कुलपति का आभार जताया। इससे पूर्व कुलपति ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरम्भ करने की घोषणा की और खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी ली। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया व धन्यवाद सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के अधिष्ठाता, अधिकारी, कर्मचारी तथा भारी संख्या में विद्यार्थी व खेलप्रेमी उपस्थित थे।



**आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे**

800 मीटर दौड़ (पुरुष) एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के दीपांशु, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर, हिसार के विनय, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के विकास क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। 110 मीटर बाधा दौड़ (पुरुष) बेसिक साइंस कालेज के मंजीत प्रथम जबकि कालेज ऑफ एग्रीकल्चर के हरिओम व प्रदीप क्रमश: द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद (पुरुष) एग्रीकल्चर कालेज, कौल के नीकेश प्रथम, कालेज ऑफ फिशरीज साइंस के अजय द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कालेज, कौल के प्रदीप तृतीय रहे। रोप स्किपिंग (महिला) होम साइंस कालेज की ज्योति प्रथम, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर की आंचल, द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कालेज, कौल की कौशिका तृतीय स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो (पुरुष) एग्रीकल्चर कालेज, हिसार के आकाश सरोहा, प्रथम कालेज ऑफ फिशरीज साइंस के मनोज यादव व सूरज सिहाग द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 08.12.2022 | ----- | ----- |

# हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता का आरम्भ

## 800 मीटर दौड़ में दीवांशु, 110 मीटर बाधा दौड़ में मंजीत रहे प्रथम



कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मार्च की सलामी लेते हुए

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आरम्भ हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के करीब 400 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि थे।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इससे उन्हें बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा और भाईचारा, सहनशीलता तथा अनुशासन का विकास होगा।

खेल जहां हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण में सहायक है, वहीं दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास में लाभकारी है, खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को हृष्ट-पुष्ट, गतिशील एवं स्फूर्ति प्रदान करने में सहायक होते हैं। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को उम्दा खेल सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के लिए कुलपति का आभार जताया। इससे पूर्व कुलपति ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरम्भ करने की घोषणा की और खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी ली।

विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने मशाल प्रज्वलित की। मंच का संचालन डॉ. सुशील लेगा ने किया व धन्यवाद सह छात्र कल्याण निदेशक (खेल) डॉ. बलजीत गिरधर ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के अधिष्ठाता, अधिकारी, कर्मचारी तथा भारी संख्या में विद्यार्थी व खेलप्रेमी उपस्थित थे।

### प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे

**800 मीटर दौड़ (पुरुष):** एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग के दीवांशु, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर, हिसार के विनय, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर, बावल के विकास क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

**110 मीटर बाधा दौड़ (पुरुष):** बेसिक साइंस कालेज के मंजीत प्रथम जबकि कालेज ऑफ एग्रीकल्चर के हरिओम व प्रदीप क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। ऊंची कूद (पुरुष) : एग्रीकल्चर कालेज, कौल के नीकेश प्रथम, कालेज ऑफ फिशरीज साइंस के अजय द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कालेज, कौल के प्रदीप तृतीय रहे।

रोप स्किपिंग (महिला) : होम साइंस कालेज की ज्योति प्रथम, कालेज ऑफ एग्रीकल्चर की अविशि, द्वितीय तथा एग्रीकल्चर कालेज, कौल की क्रीतिका तृतीय स्थान पर रहीं।

**डिसकस थ्रो (पुरुष):** एग्रीकल्चर कालेज, हिसार के आकाश सरोहा, प्रथम कालेज ऑफ फिशरीज साइंस के मनोज यादव व सुरज सिहाग द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 09.12.2022 | ----- | ----- |

# व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है: प्रो. बी.आर. काम्बोज

हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आज 50वीं एथलेटिक मीट प्रतियोगिता आरम्भ हुई। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों के करीब 400 छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि थे।



प्रो. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि मनुष्य के व्यक्तित्व विकास में खेल अहम भूमिका अदा करता है। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, यह हमारे शारीरिक एवं मानसिक दोनों ही के विकास में अहम भूमिका निभाता है। इससे उन्हे बेहतर स्वास्थ्य मिलेगा और भाईचारा, सहनशीलता तथा अनुशासन का विकास होगा। खेल जहां हमारे शरीर के रक्त परिसंचरण में सहायक है, वहीं दूसरी ओर हमारे दिमागी विकास में लाभकारी है, खेल व्यायाम का सबसे अच्छा साधन माना जाता है। खेल ही हमारे शरीर को हृष्ट-पुष्ट, गतिशील एवं स्फूर्ति प्रदान करने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय ने अनेक उम्दा दर्जे के खिलाड़ी दिए हैं जिन्होंने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने प्रदर्शन से देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय में बेहतर कोच और खेल सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

छात्र कल्याण निदेशक डॉ. अतुल ढींगड़ा ने खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना से भाग लेने की अपील की। उन्होंने विद्यार्थियों को उम्दा खेल सुविधाएं मुहैया करवाए जाने के लिए कुलपति का आभार जताया। इससे पूर्व कुलपति ने ध्वजारोहण कर प्रतियोगिता आरम्भ करने की घोषणा की और खिलाड़ियों की मार्च पास्ट की सलामी ली। विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने मशाल प्रज्वलित की।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक हिसार | 09.12.2022 | ----- | ----- |


# ड्रोन आधारित कृषि : सीसीएसएचएयू और नाबार्ड का हिसार में प्रौद्योगिकी प्रदर्शन आयोजित

हिसार : नाबार्ड द्वारा सी सी एस एच ए यू के सहयोग से एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत में अग्रणी ड्रोन निर्माता इंडोविंग्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा ड्रोन के क्षेत्र प्रदर्शन के साथ हुई। इस प्रदर्शन में डॉ. जीत राम शर्मा, अनुसंधान निदेशक (सीसीएसएचएयू), डॉ. बलदेव डोगरा, डीन



(कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय), डॉ. सुरेंद्र कुमार पाहुजा, डीन (कृषि महाविद्यालय), डॉ. विजया रानी, एचओडी (फार्म मशीनरी एंड पावर इंजीनियरिंग विभाग), डॉ. संजय ठकराल, एचओडी (कृषि विज्ञान विभाग), श्री रॉबिन सिंह (क्लस्टर प्रभारी, हिसार क्लस्टर कार्यालय, नाबार्ड), श्री स्वरदीप सिंह (क्लस्टर अधिकारी, हिसार क्लस्टर कार्यालय, नाबार्ड) और श्री पारस जैन, सीईओ (इंडोविंग्स प्राइवेट लिमिटेड) शामिल हुए। कार्यक्रम में अन्य प्रतिभागियों में उप निदेशक कृषि (हिसार), जिला बागवानी अधिकारी (हिसार), एसएचजीबी के क्षेत्रीय प्रबंधक, विभिन्न किसान उत्पादक संगठनों के सीईओ और निदेशक तथा प्रगतिशील किसान शामिल हुए । फील्ड प्रदर्शन के दौरान कंपनी ने दिखाया कि कैसे ड्रोन फील्ड मैपिंग करता है और इसके बाद खेत में छिड़काव कैसे करता है। ड्रोन 8 मिनट में 2 एकड़ खेत में छिड़काव करने में सक्षम है और इसकी टंकी की क्षमता 20 लीटर है। डॉ. जीत राम शर्मा, अनुसंधान निदेशक (सीसीएसएचएयू) की अध्यक्षता में हुई बैठक के दौरान श्री पारस जैन द्वारा प्रेजेंटेशन दी गयी जिसमे उन्होंने अपनी कंपनी द्वारा निर्मित विभिन्न ड्रोनेस के बारे में जानकारी दी और बताया कि कैसे ड्रोन का उपयोग, छिड़काव उद्देश्य और कृषि क्षेत्र में फसल स्वास्थ्य की निगरानी के लिए किया जा सकता है। डॉ. जीत राम शर्मा ने कहा कि कृषि क्षेत्र में तकनीकी नवीनीकरण का किसानों की आय ब ?ने में अहम योगदान होगा हैं और किसानों के लाभ के लिए किसानों, विश्वविद्यालय, नाबार्ड और ड्रोन निर्माताओं को सक्रिय रूप से सहयोग करने